राष्ट्रीय संस्करण

# दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 273 | मूल्य ₹6.00, नई दिल्ली, मंगलवार, 10 मार्च 2020 | www.jagran.com | पृष्ठ 14

**शुभ होली**

हर्ष–उल्लास का यह अनूठा पर्व चहुंओर खुशहाली और सद्भाव के रंग बिखेरे, इस उम्मीद के साथ सभी को रंगोत्सव की शुभकामनाएं।

–प्रधान संपादक

**अवकाश सूचना**

आपके साथ दैनिक जागरण परिवार भी होली की खुशियों में शामिल होगा। मंगलवार को अवकाश रहेगा। अगला अंक गुरुवार यानी 12 मार्च को उपलब्ध होगा।

मुख्य महाप्रबंधक


## कोरोना का कहर : निवेशकों के 7 लाख करोड़ रुपये स्वाहा

# शेयर बाजार फिर धड़ाम

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** घरेलू शेयर बाजारों के लिए सोमवार किसी काले दिन से कम नहीं बीता। अर्थव्यवस्था के समक्ष पहले से मौजूद चुनौतियों और कोरोना के आतंक से 10 दिन के भीतर शेयर बाजारों ने दोबारा गोता लगाया। सोमवार को बीएसई का सेंसेक्स 1942 अंक टूट गया। यह एक दिन में सेंसेक्स की अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। 28 फरवरी को सेंसेक्स 1448 अंक गिरा था। इस गिरावट से निवेशकों को 6.84 लाख करोड़ रुपये का घाटा हुआ है।

सेंसेक्स में सुबह से ही गिरावट का रुख रहा। क्रूड की कीमतों में 25 फीसद से ज्यादा की गिरावट की खबर से एक समय सेंसेक्स 2467 अंकों तक टूट गया था। बाद में 1941.67 अंक गिरकर 35634.95 पर बंद हुआ। निफ्टी 538 अंक गिरकर 10451.45 पर बंद हुआ। इसके पहले सबसे बड़ी इंट्रा-डे गिरावट 2008 में अमेरिका के लेहमन ब्रदर्स संकट के समय आई थी। तब सेंसेक्स ने 2273 अंकों की गिरावट दर्ज की थी। सोमवार को बाजार में हर सेक्टर में गिरावट दिखी। खनन, बैंकिंग, उपभोक्ता सामान उद्योग, तेल, गैस व धातु से जुड़ी कंपनियों को सबसे ज्यादा मार झेलनी पड़ी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 12 तो एसबीआइ के छह फीसद गिरे। आइसीआइसीआइ बैंक, टाटा स्टील, इंडसइंड, टीसीएस, बजाज ऑटो में भी भारी गिरावट देखी गई। मिड व स्माल कैप में भी 4.73 फीसद की गिरावट रही।

**दुनियाभर में गिरावट:** सोमवार को अमेरिकी शेयर बाजार एसएंडपी-500 में सात फीसद की गिरावट आई तो कारोबार थोड़ी देर के लिए बंद करना पड़ा। अमेरिका के दूसरे शेयर बाजार डाउ जोंस 6.67 फीसद व नेस्डैक छह फीसद की गिरावट के साथ खुले।




**पिछली तीन बड़ी गिरावट**

**1625 अंक** : 24 अगस्त, 2015 – ग्लोबल मार्केट में गिरावट और रुपया टूटने से सेंसेक्स ने लगाया था गोता

**1448 अंक** : 28 फरवरी, 2020 – कोरोना का प्रकोप बढ़ने की आशंका से घबराए निवेशकों ने की थी बिकवाली

**1408 अंक** : 21 जनवरी, 2008 – अमेरिका में मंदी की आशंका में दुनियाभर के बाजारों में गिरावट आई। भारतीय बाजार भी इससे नहीं बच सके

**दुनिया के कुछ प्रमुख बाजारों में गिरावट**

| | |
|---|---|
| इटली | 10% |
| नार्वे | 8.9% |
| स्पेन | 7.5 % |
| फ्रांस | 7.2 % |
| जर्मनी | 7.1 % |
| यूके | 6.8 % |
| ऑस्ट्रेलिया | 6.6 % |
| स्वीडन | 6 % |
| जापान | 5 % |
| द. कोरिया | 4.2% |
| चीन | 3 % |

**आफत के बीच कच्चे तेल से मिल रही राहत**

आर्थिक मोर्चे पर तमाम चुनौतियों के बीच क्रूड की घटती कीमतें भारत सरकार को राहत देने वाली हैं। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड) की कीमत एकमुश्त 30 फीसद गिरकर 32.32 डॉलर प्रति बैरल हो गई। इसके 20 डॉलर तक जाने का अनुमान है। भारत अपनी जरूरत का 83 फीसद क्रूड आयात करता है, ऐसे मे सस्ता क्रूड भारतीय अर्थव्यवस्था को कई तरह से मदद करेगा। चालू वित्त वर्ष के लिए भारत ने 63 डॉलर प्रति बैरल की दर से क्रूड आयात करने के आधार पर गणना की थी। अगले वित्त वर्ष में यदि क्रूड 30–40 डॉलर प्रति बैरल के बीच रहता है तो भारत का तेल आयात बिल मौजूदा 90 अरब डॉलर (संभावित) से घटकर 65 अरब डॉलर तक आ सकता है।

**सरोकार**


### गुरुग्राम की सुजाता ने बदली लद्दाख के स्कूलों की सूरत



**गुरुग्राम :** गुरुग्राम निवासी सुजाता साहू 2010 में लेह–लद्दाख गईं तो पर्यटक के तौर पर थीं, लेकिन वहां तबीयत बिगड़ने से रुकना पड़ा। तब उन्होंने लोगों की परेशानियां जानीं। सहयोग का भाव जागा और जुट गईं स्कूलों को ट्रांसफॉर्म करने में। (पेज–10)

**जागरण विशेष**

### छतरी तले... गले मिल गाते हैं फाग, उड़ाते हैं गुलाल



**समस्तीपुर :** संस्कृति और परंपराओं को सहेजे बिहार के समस्तीपुर जिले का धमौन गांव विविधता में एकता का पाठ पढ़ा रहा है। यहां की छतरी होली खास है। छतरी के नीचे सभी रंग आपस में मिल जाते हैं। होली पर यहां मजमा जुटता है। (पेज–10)

# मप्र में सत्ता पलट की तैयारी में भाजपा

## सियासत ▸ ज्योतिरादित्य समर्थक 17 मंत्री–विधायक पहुंचे बेंगलुरु

### नदारद मंत्री–विधायकों के मोबाइल बंद, भाजपा ने विधायकों को भोपाल बुलाया

**नईदुनिया, भोपाल**

▸ खुफिया पुलिस ने दिए बड़े बदलाव के संकेत, पूर्व केंद्रीय मंत्री को सोनिया ने समय तक नहीं दिया


पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की दम पर मध्य प्रदेश में सत्ता पलट की तैयारी के साथ राजनीतिक उठापटक का पटाक्षेप होने जा रहा है। सिंधिया इस परिवर्तन के केंद्र बने हैं। सोमवार को सिंधिया समर्थक 17 मंत्री-विधायकों के बेंगलुरु पहुंच जाना भी इसी ओर इशारा करता है। प्रदेश के खुफिया सूत्रों ने भी एक-दो दिन में बड़े बदलाव की बात कही है। उधर, भाजपा ने अपने विधायकों को भोपाल बुला लिया है।

सूत्रों के मुताबिक, पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सीएम कमलनाथ और सिंधिया दोनों से कहा था कि वे अपने विवाद सुलझा लें। उन्होंने सिंधिया को मनाने के लिए राजस्थान के उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को बातचीत करने की जिम्मेदारी भी सौंपी थी। पायलट ने सिंधिया से दो दौर की बात भी की थी, लेकिन उपेक्षा से खफा सिंधिया नहीं माने। बताया जाता है कि कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सिंधिया की शिकायत की थी। ऐसे में सिंधिया भी हाईकमान के सामने अपनी बात रखने के लिए दो दिनों से सोनिया गांधी से मिलने का वक्त मांग रहे थे, पर उन्हें मुलाकात का मौका नहीं मिला। ऐसे में रविवार को ही सिंधिया को इस बात का आभास हो गया कि राज्यसभा में उनका पत्ता कट सकता है। इसके बाद सिंधिया कैंप में खलबली मची और सारी रात चली सियासत के बाद अंततः सिंधिया ने कांग्रेस से दूरी बनाने के लिए अपने समर्थकों को दिल्ली तलब कर लिया। सोमवार सुबह होते-होते सारे समर्थक दिल्ली में एकत्र हो गए और शाम को सभी ने चार्टर्ड फ्लाइट से बेंगलुरु के लिए उड़ान भर दी।

**ये हैं रणनीतिकार :** रविवार देर रात तक दिल्ली में मप्र के 'ऑपरेशन लोटस' को अंजाम तक पहुंचाने के लिए जो कोर ग्रुप की बैठक हुई, उसमें पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, नरेंद्र सिंह तोमर, राकेश सिंह मौजूद थे। इन दिग्गजों ने इस घटनाक्रम की स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दिया।

**आखिर चला ब्रह्मास्त्र :** सिंधिया के गुस्से को परवान चढ़ने में पूरे 20 दिन लगे है। तीन सप्ताह से वह संगठन को इस बारे में लगातार संकेत दे रहे थे, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। आखिर उन्होंने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर दिया।

...भूमिगत हो गए सिंधिया समर्थक पेज>>4



मध्यप्रदेश में जारी राजनीतिक गहमागहमी के बीच सोमवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया। एएनआइ

**राज्य की दलीय स्थिति**

| | |
|---|---|
| मप्र विस की कुल सीटें | 230 |
| दो सीटें रिक्त, प्रभावी संख्या | 228 |
| अभी बहुमत का आंकड़ा | 115 |

**सत्तापक्ष**

| | |
|---|---|
| कांग्रेस | 114 |
| निर्दलीय | 04 |
| बसपा | 02 |
| सपा | 01 |

(इन्हें मिलाकर कांग्रेस के पास फिलहाल 121 विधायक हैं।)

**विपक्षी भाजपा 107**

17 विधायकों के पाला बदलकर इस्तीफा देने पर कमलनाथ सरकार अल्पमत में आ जाएगी।

**भाजपा का प्रस्ताव**

सिंधिया को भाजपा ने राज्यसभा सदस्य के साथ केंद्रीय मंत्री बनाने का भरोसा दिया है। ऐसी संभावना है कि मंगलवार को सिंधिया कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम सकते हैं। हालांकि, इसकी कोई भी सूत्र पुष्टि नहीं कर रहा है।

**17 विधायकों के इस्तीफे के बाद ऐसा होगा गणित**

- विस की प्रभावी संख्या होगी 211
- बहुमत के लिए जरूरी होंगे 106
- चार निर्दलीय विधायकों ने भाजपा का साथ दिया तो भाजपा का आंकड़ा 111
- यानी बहुमत से पांच ज्यादा

# जम्मू से केरल तक कोरोना, पांच नए मामले सामने आए

▸ केरल में इटली से लौटी तीन साल की बच्ची की रिपोर्ट पॉजिटिव

▸ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू में एक–एक मामला

**नई दिल्ली, एजेंसियां :** चीन के वुहान से निकला कोरोना वायरस तेजी से दुनिया को अपनी जद में लेता जा रहा है। भारत भी अछूता नहीं रह गया है। जम्मू कश्मीर से लेकर केरल तक कोरोना ने पांव पसार लिए हैं। सोमवार को देशभर में कोरोना के पांच नए मामले सामने आए। इनमें केरल की तीन साल की बच्ची भी शामिल है, जो माता-पिता के साथ इटली से लौटी है। इसके अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश पंजाब और जम्मू का एक-एक मामला शामिल है। इसके प्रसार को रोकने के लिए युद्ध स्तर पर काम हो रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा के साथ ही लोगों को जागरूक करने के अभियान चलाए जा रहे हैं।

इन नए मामलों को मिलाकर देश भर में कोरोना से संक्रमित लोगों की आधिकारिक संख्या 44 हो गई है। केरल के कोच्चि में अधिकारियों ने बताया कि तीन साल की बच्ची अपने माता-पिता के साथ सात मार्च को इटली से लौटी थी। स्क्रीनिंग में उसमें कोरोना के लक्षण पाए गए तो उसके सैंपल को अल्पुझा स्थिति राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआइवी) भेजा गया था, जहां रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उसके माता-पिता की जांच रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। तीनों को कलमसेरी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। रविवार को राज्य में पांच नए मामले सामने आए हैं।

**कोरोना से निपटने को स्वास्थ्य मंत्रालय तैयार : हर्षवर्धन**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय कोरोना वायरस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उनका मंत्रालय सभी राज्यों को विभिन्न भाषाओं में कोरोना वायरस से निपटने के उपायों के बारे में लगातार जानकारी मुहैया करा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री दिल्ली के उप राज्यपाल अनिल बैजल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली नगर निगमों के मेयर और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने संदिग्ध की पहचान, सामुदायिक निगरानी, अस्पताल प्रबंधन, आइसोलेशन वार्ड की पहचान इत्यादि कार्यों में सभी विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय पर जोर दिया।

इटली से लौटे एक व्यक्ति में कोरोना वायरस की हुई पुष्टि पेज>>5

**न्यूज गैलरी**

नेशनल न्यूज ▸ पृष्ठ 6

### शोपियां में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को किया ढेर

**श्रीनगर :** सुरक्षाबलों ने सोमवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर अभियान चलाया और इलाके को घेर लिया। दो घंटे चली मुठभेड़ में अंसार गजवात–उल–हिंद (एजीएच) के दो आतंकियों शब्बीर अहमद और आमिर अहमद डार को मार गिराया गया। मृतकों के पास एक असाल्ट राइफल, एक यूबीजीएल, एक मैगजीन, पिस्तौल और नौ कारतूस बरामद हुए हैं।

अंतरराष्ट्रीय ▸ पृष्ठ 13

### धमाकों के बीच अशरफ गनी ने ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**काबुल :** अफगानिस्तान में चुनी हुई सरकार के मुखिया के तौर पर अशरफ गनी ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली तो उनके प्रतिद्वंद्वी अब्दुल्ला अब्दुल्ला ने भी समानांतर सरकार गठित कर डाली। गनी के शपथ ग्रहण समारोह के पास दो धमाके हुए, पर बड़ा नुकसान नहीं हुआ। तालिबान ने दो सरकारों के गठन के चलते शांति वार्ता में बाधा आने की आशंका जताई है।

# दिल्ली दंगों में पीएफआइ कनेक्शन सामने आया, दानिश गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

▸ शाहीन बाग में भी प्रदर्शनकारियों को देता था खाना व रुपये

▸ चार दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ में जुटी स्पेशल सेल

दिल्ली में हुए दंगों में अब पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) का कनेक्शन सामने आया है। पुलिस की स्पेशल सेल ने इसकी विंग 'काउंटर इंटेलिजेंस' के प्रमुख मुहम्मद दानिश को गिरफ्तार किया है। उसने शाहीन बाग में सीएए विरोधी धरने के लिए फंडिंग के साथ ही दंगा करने के लिए लोगों को उकसाया और उन्हें पैसे दिए। पटियाला हाउस कोर्ट में पेश कर उसे चार दिन की रिमांड पर लिया गया है। रविवार को ओखला विहार से आइएस (इस्लामिक स्टेट) के दो आतंकियों के बाद यह सीएए कनेक्शन को लेकर तीसरी गिरफ्तारी है।

पुलिस के मुताबिक त्रिलोकपुरी निवासी दानिश जामिया में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन में समन्वयक की भूमिका निभा रहा था। स्पेशल सेल उसके अन्य साथियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। यह भी जांच की जा रही है कि जामिया व शाहीन बाग में सीएए विरोधी प्रदर्शन में दानिश व पीएफआइ के सदस्य किस तरीके से फंडिंग कर रहे थे। आरोप है कि दानिश सीएए और एनआरसी के विरोध में लोगों को पंफलेट बांटकर भ्रांति फैला रहा था। धरने पर बैठे लोगों को खाना मुहैया कराने के अलावा उन्हें पैसे भी बांटता था।

फंडिंग पर पहले से ही था शक पेज>>2

# पेंटिंग खरीद पर राणा से हुआ था देवड़ा–प्रियंका का पत्राचार

**नीलू रंजन, नई दिल्ली**


▸ राणा कपूर ने ईडी के सामने दिए बयान में दी जानकारी, मिलिंद ने बनाया था राणा पर दबाव, प्रियंका ने दिया था धन्यवाद

कांग्रेस भले ही यस बैंक प्रमोटर राणा कपूर को प्रियंका गांधी के एमएफ हुसैन की पेंटिंग बेचने के मामले को सामान्य बता रही हो और इससे मिले दो करोड़ रुपये का आयकर रिटर्न में जिक्र का हवाला दे रही हो। लेकिन खुद राणा कपूर ईडी की पूछताछ के दौरान अपने लिखित बयान में कहा है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिलिंद देवड़ा और मुरली देवड़ा ने इस पेंटिंग को खरीदने के लिए उन पर दबाव बनाया था। पेंटिंग की खरीद के सिलसिले में मिलिंद देवड़ा का राणा कपूर को लिखा खत और ईमेल भी सामने आया है।

ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को राणा के लिखित बयान की प्रति दिखाते हुए कहा, एमएफ हुसैन की बनाई राजीव गांधी की पेंटिंग खरीदने के पहले न तो निष्पक्ष वैल्युअर से पेंटिंग की गुणवत्ता की जांच कराई गई और न ही कीमत का आकलन किया गया। प्रियंका ने उसकी गुणवत्ता का प्रमाणपत्र देते हुए कीमत दो करोड़ बताई और राणा कपूर ने यस बैंक से उसी कीमत पर पेंटिंग को खरीद लिया। सबसे अहम बात यह है कि एमएफ हुसैन ने यह पेंटिंग कांग्रेस के लिए 100 साल पूरा होने पर बनाई थी। पेंटिंग कब और कैसे प्रियंका की निजी संपत्ति बन गई यह रहस्य है। खुद प्रियंका ने 4 जून 2010 को भेजे पत्र में राशि प्राप्ति का जिक्र करते हुए लिखा था कि यह पेंटिंग हुसैन ने 1985 में दी थी। यानी उस वक्त राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे।

ईडी के पास प्रियंका से पेंटिंग खरीदने के सिलसिले में मिलिंद देवड़ा की ओर से राणा कपूर को लिखा गया पत्र और ईमेल भी है। एक मई 2010 को लिखे गए पत्र में मिलिंद देवड़ा ने राणा कपूर को 'कपूर अंकल' संबोधित करते हुए यस बैंक द्वारा कला के क्षेत्र में किए गए काम और खासकर मुंबई के नेहरू सेंटर स्थित उसके आफिस की तारीफ की। इसके बाद 'राजीव गांधी' की पेंटिंग खरीदने के लिए सीधे प्रियंका को पत्र लिखकर इच्छा जताने को कहा। अंत में देवड़ा ने लिखा कि राजीव गांधी की पेंटिंग खरीदने के लिए सीधे प्रियंका गांधी को पत्र लिखें तो उनकी सोच में बेहतर होगा।

पत्र से साफ है कि मिलिंद देवड़ा ने पेंटिंग खरीदने के सिलसिले में राणा कपूर से मुंबई स्थित उसके आफिस में मुलाकात की थी। इसके एक हफ्ते बाद आठ मई को मिलिंद ने अपने ब्लैकबेरी स्मार्टफोन से राणा कपूर को ईमेल कर बातचीत करने की इच्छा जताई और इस बारे में उपयुक्त समय के बारे में जानना चाहा। इसके बाद यस बैंक ने दो करोड़ रुपये राणा कपूर को पेंटिंग खरीदने के लिए दिए। राणा कपूर ने तीन जून को एचएसबीसी बैंक का दो करोड़ रुपये का चेक प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम जारी किया। प्रियंका ने इसका जिक्र भी किया है। (पेज–3 भी देखें)



मिलिंद देवड़ा द्वारा राणा कपूर को लिखा गया पत्र।

**सावधानी जरूरी**

होली जनमानस का त्योहार, हो जाएं रंगों से सराबोर, घर पर ही मनाएं तो बेहतर, भीड़ से करें परहेज, मास्क को भी भेद सकता है कोरोना का वायरस


# कोरोना का भगाएं डर, एहतियात से खेलें होली जमकर

**नई दिल्ली, जेएनएन**

आज होली है। फागुन के इस महीने में रंगों के इस त्योहार में हर कोई सराबोर होने को आतुर है, लेकिन एहतियात भी जरूरी है। चीन से पैदा हुआ कोरोना अंटार्कटिका को छोड़ सारे महाद्वीपों को अपने जद में ले चुका है। इंसानों से इंसानों में इसके वायरस का तेजी से संक्रमण हो रहा है। तभी तो विश्व स्वास्थ्य संगठन समेत तमाम स्वास्थ्य संस्थाएं सामूहिक जुटान न करने की सलाह दे रहे हैं। उनकी इसी सलाह पर प्रधानमंत्री मोदी के बाद एक-एक करके कई मशहूर हस्तियों ने होली न खेलने का निर्णय लिया। जनमानस के लिए तो साल भर का यह त्योहार है। वे भला होली से दूर क्यों रहें। विशेषज्ञ भी कहते हैं कि होली जमकर खेलिए, लेकिन एहतियात बरतना न भूलिए।

यह बात सही है कि विशेष परिस्थितियों में कोरोना सामान्य फ्लू की तुलना में दस गुना घातक है, लेकिन अगर व्यक्ति का प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत है तो इसका वायरस लाचार हो जाता है। स्वस्थ जीवनशैली और खानपान से कोई भी अपने शरीर की प्रतिरक्षा इकाई को इस वायरस की कवच बना सकता है। बुजुर्गों और किसी अन्य रोग से ग्रसित व्यक्ति को खास एहतियात की दरकार होगी। होली की मस्ती में यह न भूलें कि कोरोना अब विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा महामारी घोषित की जा चुकी है।

लिहाजा जमकर गुलाल उड़ाएं, रंगों की फुहारें छोड़ें, लेकिन अत्यधिक भीड़ में जाने से परहेज करें। कोरोना का वायरस हवा में तैरते अति सूक्ष्म कणों के साथ आंखों यहां तक कि फेस मास्क को भी भेदने की सामर्थ्य रखता है। सिर्फ खांसी या छींक के साथ निकलने वाले बड़े कणों को ही मास्क रोकने में सक्षम है, इसलिए सावधान रहिए, लेकिन होली के उल्लास को कम मत होने दीजिए।



देश भर में कोरोना वायरस को लेकर फैली दहशत और अधिक लोगों के एकत्रित न होने की सलाह के बीच होली के त्योहार की पूर्व संध्या पर गुजरात के अहमदाबाद में परंपरागत तरीके से उल्लास के साथ होलिका दहन किया गया। इस दौरान लोग बड़ी संख्या में लोगों ने होलिका की परिक्रमा की। प्रेट्र



होली जरूर मनाएं, पर घर पर ही मनाएं। मोहल्लों और गांवों में समूह में न मनाएं। रंगों के इस त्योहार के समय कोरोना महामारी बन चुका है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि भीड़ वाले जगहों पर न जाएं। क्योंकि किसी एक को संक्रमण होने पर कई लोग इसकी गिरफ्त में आ सकते हैं। बेहतर होगा कि होली भी समूह में मनाने से बचें। हैप्पी होली। **–डॉ. रणदीप गुलेरिया, निदेशक, एम्स**

**इंद्रदेव की फुहारों का अनुमान**

मौसम विभाग की मानें तो उत्तर भारत में 10 मार्च को दिन में मौसम साफ रहेगा। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उप्र, बिहार, झारखंड, बंगाल से लेकर पहाड़ों पर भी मौसम साफ रहेगा। मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, चंडीगढ़, जयपुर, अहमदाबाद, सूरत, इंदौर, भोपाल, पटना, गया, रांची में भी बारिश के आसार नहीं है। दिल्ली में दिन भर बादल छाए रहेंगे। शाम को तेज हवा के साथ बदली छा सकती है और देर रात कहीं–कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।

# ट्रांजिस्टर बम ब्लास्ट केस में 30 आरोपित दोषमुक्त

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

▸ कोर्ट ने जांच में खामियों को बनाया आधार, कहा–मनमाफिक दिलाए गए बयान

▸ 10 मई 1985 को दिल्ली समेत कई क्षेत्रों में हुए थे धमाके, 49 लोगों की हुई थी मौत

साकेत कोर्ट ने 10 मई 1985 को हुए ट्रांजिस्टर बम धमाकों के 59 आरोपितों में से 30 को दोषमुक्त कर दिया है। कोर्ट ने मामले की जांच को लेकर दिल्ली पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा है कि जांच एकतरफा और अनुचित है। 10 मई 1985 को दिल्ली और उसके आसपास के कई इलाकों में बम धमाके हुए थे। इनमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के 49 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 127 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। साकेत कोर्ट के एडिशनल सेशन जज संदीप यादव ने कहा कि पुलिस जांच रिपोर्ट बेहद दोषपूर्ण है। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

दिल्ली पुलिस ने 59 लोगों को गिरफ्तार किया था। साकेत कोर्ट ने पांच मार्च को अपना फैसला सुनाया। इसमें कोर्ट ने 30 लोगों को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा है कि इस तरह की दोषपूर्ण जांच के आधार पर आरोपितों को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि जो सुबूत अदालत के सामने लाए गए, उनसे साफ है कि जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न व्यक्तियों को बिना किसी सुबूत के उठा लिया और उन पर दबाव डालने और यातना देने के बाद उनसे मनमाफिक बयान दिलवाए गए। लोगों को चेतावनी दी गई थी कि अगर वे पुलिस की मांग के अनुसार नहीं गए तो उन पर केस कर दिया जाएगा।

59 के खिलाफ दाखिल हुई थी चार्जशीट पेज>>2